# नेहरू स्टेडियम पर नेपा मिल सीएमडी सहित अफसरों ने खेला गरबा

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में मेला आयोजित है। यहां काफी संख्या में दुकानें भी सजी है। रात में गरबा भी हो रहा है। रविवार रात यहां नेपा मिल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश चोखानी सहित मिल के अफसरों ने भी गरबा खेला।

नेहरू स्टेडियम पर यह मेला एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड द्वारा लगाया जाता है। यहां स्थापित प्रतिमाओं को निहारने के साथ ही पूजा-अर्चना का दौर भी चलता है। लोग मेले का आनंद उठा रहे हैं। बड़े झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही यहां लोगों का दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो देर रात तक चलता रहा है। साथ ही प्रतिदिन यहां आरती भी हो रही है। शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में नेपा लिमिटेड की ओर से 3 अक्टूबर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन सुंदरकांड रामचरित मानस पाठ, दूसरे दिन कवि सम्मेलन, 5 को गरबा डांडिया, 6 को आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ। अफसरों ने महिलाओं, युवतियों के साथ गरबा किया। 7 अक्टूबर को रात 8 बजे से विभिन्न कार्यक्रम होंगे। 8 को जागृति कला केंद्र के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 9 को आर्केस्ट्रा एक शाम माता के नाम आयोजन होगा। यह नेपा मित्र मंडल की ओर से किया जाएगा। 10 को कर्म जन्म भूमि सेवा ट्रस्ट द्वारा आर्केस्ट्रा, 11 को देवी जागरण स्वीट नेपा टू मुंबई ग्रुप की ओर से किया जाएगा। 12 को विजयादशमी पर्व पर आतिशबाजी, दशहरा पूजन, रावण दहन व 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से देवी प्रतिमा विसर्जन होगा।



**नेपानगर.** स्थानीय नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला 12 अक्टूबर तक चलेगी। नेपा मिल की ओर से यहां मेला आयोजित किया गया है। इसके तहत रविवार रात यहां नेपा मिल अफसरों ने भी पहुंचकर गरबा किया। स्टेडियम पर 3 अक्टूबर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजनों की श्रृंखला के तहत 8 अक्टूबर को जागृति कला केंद्र के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 9 अक्टूबर को आर्केस्ट्रा एक शाम माता के नाम का आयोजन होगा। 10 अक्टूबर को कर्म जन्म भूमि सेवा ट्रस्ट द्वारा आर्केस्ट्रा, 11 अक्टूबर को देवी जागरण स्वीट नेपा टू मुंबई ग्रुप की ओर से किया जाएगा। 12 को विजयादशमी पर्व पर आतिशबाजी, दशहरा पूजन, रावण दहन व 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से देवी प्रतिमा विसर्जन होगा।

# स्टेडियम ग्राउंड पर अफसरों ने भी किया गरबा



**नेपानगर.** स्थानीय नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला 12 अक्टूबर तक चलेगी। नेपा मिल की ओर से यहां मेला आयोजित किया गया है। इसके तहत रविवार रात यहां नेपा मिल अफसरों ने भी पहुंचकर गरबा किया। स्टेडियम पर 3 अक्टूबर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजनों की श्रृंखला के तहत 8 अक्टूबर को जागृति कला केंद्र के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 9 अक्टूबर को आर्केस्ट्रा एक शाम माता के नाम का आयोजन होगा। 10 अक्टूबर को कर्म जन्म भूमि सेवा ट्रस्ट द्वारा आर्केस्ट्रा, 11 अक्टूबर को देवी जागरण स्वीट नेपा टू मुंबई ग्रुप की ओर से किया जाएगा। 12 को विजयादशमी पर्व पर आतिशबाजी, दशहरा पूजन, रावण दहन व 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से देवी प्रतिमा विसर्जन होगा।